**मीडिया समन्वयक कार्यालय**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 05 दिसंबर 2017

## जामिया मिल्लिया में बी.टेक और बी.आर्क के दाख़िले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः में बी.टेक और बी.आर्क 2018–19 सत्र के दाख़िले की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई।

इच्छुक छात्रों को इन दोनों कोर्स का ऑनलाइन आवेदन करने से पहले जेईई मेन 2018 के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद ही वे जेएमआई के एडमिशन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जेएमआईसीओई.इन पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे।

आवेदकों को जेईई मेन 2018 का आठ अंकों वाला अपना आवेदन नंबर जेएमआई ऑनलाइन के आवेदन फॉर्म में भरना होगा। जेएमआई की प्रवेश नीति के अनुसार उम्मीदवारों का दाखिला जेईई मेन 2018 में प्राप्त रैंक के आधार पर ही होगा।

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की आख़िरी तारीख़ 07 मार्च, 2018 है। सिर्फ ऑनलाइन फॉर्म ही स्वीकार होंगे।

अतिरिक्त जानकारी ऑफिस ऑफ कंट्रोलर ऑफ इग्ज़ैमनेशन द्वारा बनाए गए ‘हेल्प डेस्क ’ जेएमआईएचईएलपीडीईएसके2018एटदरेटजीएमएआईएल.सीओएम पर उपलब्ध है।

हेल्प डेस्क के नंबर हैंः 91–9836219994, 91–9836289994, 91–9836319994

**प्रो साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**